कन्या पूजन कर मां दंतेश्वरी की गई आराधना

प्रतीकात्मक स्वरूप कम संख्या में विसर्जित हुए ज्योति कलश

- पूर्णाहूति और महाभण्डारा के साथ चैत्र नवरात्र का समापन
- पूर्णाहूति हवन में जुटे सैकड़ों श्रद्धालु

दंतेवाड़ा, 15 अप्रैल (हाईवे चैनल)। महानवमी की पूर्णाहूति के साथ चैत्र नवरात्र का आज समापन हो गया। नवरात्र के इस आखिरी पड़ाव में दंतेश्वरी शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। दंतेश्वरी मंदिर के साथ ही गायत्री मंदिर में भी महा नवमी पर विशेष हवन पूजा हुई। यहां भी ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए थे। गायत्री परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में यहां शामिल हुए। आज सुबह 9 बजकर 28 मिनट तक नवमी तिथि होने की वजह से सुबह से ही पूजा-पाठ का क्रम प्रारंभ हो गया। सुबह 8 बजे महानवमी पूजा और चण्डीपाठ हुआ फिर विशेष हवन-पूजन में पूर्णाहूति हुई। नव कन्या पूजन में बालिकाओं को प्रसाद बांटकर भोजन कराया गया। इसके बाद मंदिर का महाभण्डारा शुरू हुआ। शाम को ज्योति कलश भी विसर्जित किये गए। हमेशा की तरह इस बार भी प्रतीकात्मक तौर पर काफी कम संख्या में तेल और घी के ज्योति कलश शंखनी-डंकनी में विसर्जित किये गए। श्रद्धालुओं ने इस बार 5 हजार से ज्यादा ज्योति कलश प्रज्वलित कराये थे। नदी में प्रदूषण का हवाला देकर इस बार भी काफी कम ज्योति कलश विसर्जित किये गए। इसके साथ ही चैत्र नवरात्र का यह पर्व संपन्न हो गया। अब से ठीक 6 महीने बाद शारदीय नवरात्र पर एक बार फिर मांई दंतेश्वरी के दरबार में भक्तों का मेला लगेगा। यह मां दंतेश्वरी की शक्ति का प्रताप ही है कि दोनों नवरात्र के अलावा साल भर भक्त मांई दंतेश्वरी के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं।

शपथ के साथ सीआईएसएफ अग्नि शमन सेवा सप्ताह का आगाज

किरंदुल, 15 अप्रैल (हाईवे चैनल)। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई किरंदुल अग्नि शमन शाखा परियोजना काम्प्लेक्स किरंदुल में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि शमन सेवा सप्ताह का सुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना के महाप्रबंधक प्रजापति ने अग्नि शमन सेवा सप्ताह पत्रिका का विमोचन किया एतत्पश्चात सीआईएसएफ किरंदुल ईकाई के अग्नि शमन शाखा के जवानों ने अतिथियों के समक्ष सपथ ली। सीआईएसएफ किरंदुल के कमांडेंट आलोक कुमार ने अग्नि शमन सेवा सप्ताह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अग्नि शमन सेवा दिवस 14 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य अग्नि शमन सेवाओं में अपने कर्तव्यों को समर्पित भावना से पालन करते हुए तथा प्रतिकूल प्रस्तिथितियो में कार्य करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्नि शमन के उन बहादुर अधिकारीयों एवं जवानों की सीमें को समरण करके उनको वित्रम श्रदांजलि देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रजापति ने कहा कि 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई के विक्टोरिया डाक में मालवाहक जहाज पर लगी विकराल आग को बुझाने में मुम्बई फायर सर्विस के 68 जवानों, अधिकारियों ने अपनी जान की आहुति देकर उस भीषण आग पर काबू पाया था, उनको सादर नमन। इस दौरान परियोजना के कार्मिक विभाग के प्रमुख सुधाशीष चटर्जी, डिप्टी कमांडेंट रोहित कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट हरीश देवांगन, इंस्पेक्टर एच रहमान सहित समस्त अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

कृषि महाविद्यालय में मनायी गई अम्बेडकर जयंती

जगदलपुर, 15 अप्रैल (हाईवे चैनल)। शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर इकाई एवं महाविद्यालय विज्ञानिको द्वारा मुख्य अतिथि महाविद्यालय अधिष्ठता डॉ एस सी मुखर्जी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ एच के पात्र की अगुवाई में आज दिनांक 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय विज्ञानिक डॉ आर एन शर्मा, डॉ, के ठाकुर, डॉ आर आर भंवर, डी पी सिंह, एन सी मंडावी, डॉ जे एल सलाम, पी एस नेताम, डॉ विकास रामटेके डॉ वाई निराला, डॉ आ केरकेट्टा, एम बी तिवारी के साथ 60 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबा साहब पर आधारित रंगोली, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं भाषण की प्रतिस्पर्धा रखी गई तथा विजेताओं को अधिष्ठाता के हाथों पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ मुखर्जी ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पथ पर चलने का संदेश दिया। डॉ ठाकुर द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र रवि, भूपेंद्र, उमा, जितेंद्र, त्रिलोचन, सोहेल, जेरिक, एवं अंजली का विशेष योगदान रहा।

रामनवमी पर कोंटा में निकाली बाइक रैली

कोंटा ,15 अप्रैल (हाईवे चैनल)। कोंटा के हनुमान मंदिर से राम भक्तों ने श्री राम नवमी के शुभअवसर पर एक विशाल बाइक रैली निकाली। देश भर में रामनवमी बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। सुकमा जिले के कोंटा में युवा अपने हाथों में भगवा ध्वज थामे भगवान श्री राम की जय घोष करते हुए बाइक रैली निकाली। यह रैली कोंटा नगर के हनुमार मंदिर से शुरू होकर नायापारा, बस स्टैंड से होते होते हुए नगर भ्रमण के बाद पुनः हनुमान मंदिर पहुंची। यहां पूजा अर्चना के बाद रैली समापन हुआ। यह बाइक रैली के नेतृत्वकर्ता गिरीश कुमार ने बताया कि बाइक रैली हिन्दू एकता तथा समाज में भाईचारा व एकता के संदेश के लिए प्रत्येक वर्ष रामनवमी के दिन निकाली जाती है। पूरे नगर से सैकड़ो युवा बाईक रैली में हिस्सा लिया, रैली में शामिल बाइक सवार उत्साहित युवाओं ने जय श्रीराम के उद्घोष करते हुए नगर के सभी प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान साई रेड्डी, व्ही नरेश, सूरी, सुनील, सी एच रमना, साई वंशी व अन्य लोग मौजूद रहे।

रामनवमी पर हुए विविध आयोजन

विभिन्न समाज एवं संगठनों द्वारा निकाली गई भव्य शोभात्रा, जीवंत झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा

- साड़ा वातावरण जय श्री राम जयघोष से गुंजायमान हुआ

जगदलपुर,15 अप्रैल (हाईवे चैनल)। रामनवमी के अवसर पर बस्तर संभाग 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान जगनाथ मंदिर परिसर पर स्थित श्री राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां दन्तेश्वरी मंदिर के सामने से होते हुए गुरूनानक चौक, संजय बाजार हनुमान मंदिर चौक से चांदनी चौक से होते हुए स्टेट बैंक चौक से मेनरोड पार्श्वनाथ चौक, गोजबाजार जयस्तंभ चौक से जगनाथ मंदिर पहुंची। जहां विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। शोभायात्रा में श्री राम, लक्ष्मण और सीता को नाव से नदी पार कराते निषादराज की झांकी आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं हनुमान के रूप में शोभायात्रा में शामिल युवकगण शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा में शामिल महिलाएं एवं पूरूष पारम्परिक वेश भूषा में राम भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे।

मेनरोड के स्टेट बैंक चौक पर आकर्षक मंडप बनाकर भगवान श्री राम की मूर्ति रखी गई है। जो लोगों को आकर्षित कर रहा है। इस मार्ग से गुजरने वाले सभी लोग इस जगह खड़े होकर भगवान श्री राम की मूर्ति के साथ फोटो व सेल्फी ले रहे हैं।

नगर के कुम्हारपारा क्षेत्र से संतोषी वार्ड एवं अब्दूल कलाम वार्ड एवं अन्य क्षेत्र के यूथ हिन्दू संगठन के युवाओं ने भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली। जो शहीद पार्क तिराहे से सिटी कोतवाली तिराहे से मेनरोड होते हुए संजय बाजार हनुमान मंदिर चौक से चांदनी चौक होते हुए शहीद पार्क से कुम्हारपारा व संतोषी वार्ड पहुंची। शोभायात्रा में शामिल युवाओं में काफी उत्साह नजर आया। युवा हाथों में भगवा ध्वज लिये जय श्री राम जयघोष करते हुए चल रहे थे। वहीं कुछ युवक व किशोर डीजे पर बज रहे राम भजनों में झूमते नाचते चल रहे थे। इस शोभायात्रा में वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मही, नगि के नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे के साथ काफी संख्या में युवा शामिल हुए।

विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा रामनवमी पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा मां दन्तेश्वरी मंदिर के सामने से निकाली गई। जिसमें महिलाएं एवं पुरूष पारम्परिक वेश भूषा में शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा में शामिल युवक धमाल बैंड की धून पर झूमते नाचते चल रहे थे। डीजे के माध्यम से राम भजनों की प्रस्तुती से सारा शहर गुंजायमान हुआ। शोभायात्रा गुरूनानक चौक से संजय बाजार हनुमान मंदिर चौक से चांदनी चौक से स्टेट बैंक चौक से पाश्वनाथ चौक, गोलबाजार जयस्तंभ चौक से सिरहासार चौक होते हुए मां दन्तेश्वरी मंदिर के सामने पहुंची। शोभायात्रा में शामिल युवक हाथों में भगवा ध्वज लिये जय श्रीराम का जयघोष करते चल रहे थे।

डॉ. अम्बेडकर ने बनाया भारत को दुनिया का शक्तिशाली गणतंत्र

दंतेवाड़ा/किरंदुल, 15 अप्रैल (हाईवे चैनल)। संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 128वीं जयंती दंतेवाड़ा में भी मनायी गयी। देश के निर्माण में डा. अम्बेडकर के योगदान की चर्चा की गयी। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा स्थित अम्बेडकर पार्क के पास मौजूद डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और फिर एक छोटी सभा भी आयोजित की गयी, जिसमें सभी वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। दंतेवाड़ा के साथ ही लौह नगरी किरन्दुल में भी बौद्ध समाज ने अम्बेडकर जयंती मनायी। किरन्दुल के आयोजन में संविधान निर्माता बाबा साहेब को उनके जन्मदिवस पर याद करते हुए कई रंगारंग कार्यक्रम भी बौद्ध समाज के लोगो द्वारा प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अनिल राजी उपस्थित थीं। बाबा साहेब की 128वीं जयंती समारोह में सर्वप्रथम नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर फूल अर्पण किया गया और समाज की महिलाओं के पंचशील का पाठ कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। समाज की महिलाओ ने स्वागत नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए जिसमे बच्चो द्वारा बाबा साहेब की जीवनी पर विचार व्यक्त किया गया। समाज की महिलाओं ने बाबा साहेब के विचारों को व्यक्त करते हुए नृत्य प्रस्तुत कर संविधान की रक्षा करने का संदेश लोगो को दिया। कार्यक्रम के बीच-बीच मे बाबा साहेब एवं गौतम बुद्ध के जीवनी पर भी कई सवाल मंच संचालन कर रहे बौद्ध समाज के सचिव बी.एल.डांगे द्वारा पूछा गया जिसका जवाब देकर बच्चो ने बहुत से उपहार जीते। कार्यक्रम के अंत मे न.पा. अध्यक्ष श्रीमती अनिल राजी द्वारा अम्बेडकर की जीवनी पर रोशनी डालते हुए अपने विचार व्यक्त किये और कहा कि बाबा साहेब की वजह से ही आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र है । रात के 12बजे केक काट कर अम्बेडकर का जन्मोत्सव मनाया गया और तत्पश्चात बौद्ध समाज द्वारा अध्यक्ष को अम्बेडकर की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप मे भेंट की गई ।

धूमधाम से मनाया गया अंबेडकर जयंती

बीजापुर,15 अप्रैल (हाईवे चैनल)। जिला मुख्यालय बीजापुर मे डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धुमधाम से मनायी गयी। सर्वप्रथम माननीय मुख्य अतिथी विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण विक्रम मण्डावी ने नया बस स्टैंड स्थित बाबा साहेब की स्टेचु पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण वा मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात वहाँ से रैली निकाल कर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए नगर पंचायत रोडए शांति नगरए पुराना बस स्टेण्ड, राऊतपारा होते हुए अंबेडकर मंगल भवन पहुँच रैली मे जय भीम के नारे लगाये गए एजब तक सूरज चाँद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा, संविधान निर्माता अमर रहे आदि। रैली अंबेडकर भवन मे सभा के रूप मे तब्दील हुई। सभा मे कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विक्रम मण्डावी कार्यक्रम की अध्यक्षता

कर रही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति जमुना सकनी, आयोजन समिति के अध्यक्ष वाय बी. दुर्गम सहित विशिष्ट अतिथियों डीएसराम, अमित कोरसा, सुरेश चन्द्रकार, सकनी चन्दैया, मल्लाराम, दुर्गेश्वरी रामटेके आदि ने दलित महापुरूषों भगवान बुद्ध, डॉ अंबेडकर, छत्रपति साहू महाराज, बोधिसत्व संत गरू रविदास, बिरसा मुण्डा के छायाचित्रों पर माल्यार्पण वा मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभा को विभिन्न वक्ताओं ने बाबा साहेब की संघर्ष मय जीवनी को विस्तार से बताया कि उन्होंने किस प्रकार पढ़ लिख कर संविधान रचा, आरक्षण व्यवस्था की एसभी वर्गों का ध्यान रखा।कुछ वक्ताओं ने वर्तमान मे संविधान वा आरक्षण से छेड़छाड़ करने पर कड़ी आपत्ति जतायी। प्रमुख वक्ताओं में डीएस राम, डी.नागेश्वर, आरडी झाड़ी, राजेन्द्र झाड़ी, अमित कोरसा, कमलेश पैकरा, मनोज कुड़मुल, कैलाश रामटेके, पुरुषोत्तम चन्द्रकार वे। मुख्य अतिथि कीआसंदी से बोलते हुए विक्रम मण्डावी ने कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष ना सिर्फ दलितो वा पिछड़ो के लिए है बल्कि सभी वर्ग के लोगों के लिए अनुकरणीय है। संविधान को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं हमे सजग रहने की जरूरत हैं। संविधान से छेड़छाड़ बर्दास्त नही किया जावेगा। सरकारें आती जाती रहेंगी संविधान को कोई हिला नही सकता। आरक्षित वर्गों मे तालमेल होनी चाहिए। बाबा साहेब की जयंती पर हम सभी संकल्प लें कि उनके विचारों को आगे लाकर गरीबों वा शोषितों की सेवा करे। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति जमुना सकनी ने कहा कि संविधान के जरिए बाबा साहेब ने हमे सारे अधिकार दिए हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालु राठौर वा प्रवक्ता ज्योति कुमार, पार्षद पुरुषोत्तम साहू कु. माया दुर्गम उपस्थित थे। अमित कोरसा, गुलशन राव, मनोज कुड़मुल का रहा है।